# भारतीयप्रौद्योगिकीसंस्थान (भारतीयखनिविद्यापीठ), धनबाद
**Indian Institute of Technology (Indian School of Mines), Dhanbad**

*For Immediate Release: June 23, 2025*

## PRESS-RELEASE

### आईआईटी (आईएसएम) धनबाद में वैश्विक विशेषज्ञों की उपस्थिति में जीआईएएन कोर्स का उद्घाटन

आईआईटी (आईएसएम) धनबाद के इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग विभाग द्वारा आज "मेम्रिस्टर्स और उनका न्यूरोमोर्फिक कंप्यूटेशन में अनुप्रयोग" विषय पर आयोजित जीआईएएन (ग्लोबल इनिशिएटिव ऑफ अकैडमिक नेटवर्क्स) पाठ्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्थान के निदेशक प्रो. सुकुमार मिश्रा ने की। अपने उद्घाटन संबोधन में उन्होंने नवाचार आधारित अनुसंधान की आवश्यकता पर बल दिया और न्यूरोमोर्फिक प्रौद्योगिकी में भारत की भूमिका को सशक्त बनाने की दिशा में इस पाठ्यक्रम को एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

इस अवसर पर प्रख्यात अंतरराष्ट्रीय वैज्ञानिक प्रो. सुंग-मो (स्टीव) कांग द्वारा उद्घाटन व्याख्यान दिया गया। प्रो. कांग, जो कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय (मेरसेड) के पूर्व चांसलर रह चुके हैं, ने मेम्रिस्टर्स की तकनीक, उनकी संरचना और कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित भविष्य की कंप्यूटिंग प्रणालियों में उनके उपयोग को लेकर विस्तृत चर्चा की।

इस पाठ्यक्रम के समन्वयक प्रो. राजीव कुमार रंजन ने अतिथियों का स्वागत किया और पूरे सप्ताह चलने वाले इस शैक्षणिक कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। इस पाठ्यक्रम में देश-विदेश से अनेक शोधकर्ता, छात्र और प्राध्यापक भाग ले रहे हैं।

कार्यक्रम का आयोजन हाइब्रिड मोड में किया गया, जिसमें प्रतिभागी जे.सी. बोस हॉल (कक्ष 623) में भौतिक रूप से और ऑनलाइन माध्यम से जुड़कर सम्मिलित हुए। शुभारंभ सत्र अत्यंत सफल और प्रेरणादायक रहा।

Rajni Singh
***Dean (Corporate Communications)***